# राजस्थान लेखा सेवा परिषद

### मंथन परीक्षा 2025 हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश :– कृपया ध्यान पूर्वक पढ़े।

### परीक्षा स्थान :– कृष्णपुरी भवन, हरीशचंद माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान जयपुर।

1. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक अधिकारी को वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड/ वोटर आईडी/सेवा का पहचान पत्र/ड्राइविंग लाईसेंस) साथ लाना अनिवार्य होगा।
2. परीक्षा कक्ष में पेन/पेन्सिल/पानी बोतल लाने की अनुमति होगी।
3. परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, ईयर फोन, ब्लूटूथ या अन्य इलेक्ट्रनिक डिवाइस लाना सख्त वर्जित होगा। उक्त सामग्री के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मोबाइल फोन कृष्णपुरी भवन, हरीशचंद माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान जयपुर में Reception पर जमा करवाए जा सकेगें।
4. परीक्षा कक्ष की विडियोग्राफी करवाई जाऐगी, विडियोग्राफी में अनुचित आचरण या अन्य अनुचित साधन उपयोग में पाया जाता है तो परीक्षा समिति आवश्यक कार्यवाही कर सकेगी।
5. परीक्षा कक्ष के दौरान अधिकारियों से गरिमामयी आचरण की अपेक्षा होगी। बातचीत, इशारे, नकल आदि को परीक्षा कक्ष में अनुचित साधन माना जाऐगा।
6. परीक्षार्थी द्वारा उत्तर केवल निर्धारित स्थान पर ही मार्क करना होगा। गलत जगह लिखा गया उत्तर जांच नहीं होगा।
7. परीक्षा 11 बजे से प्रारंभ होगी, परीक्षार्थी को 10:45 तक अपना स्थान परीक्षा कक्ष में ग्रहण कर लेना होगा। उसके बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जावेगा। असुविधा से बचने के लिए कृपया 10:30 बजे उपस्थित होवें।
8. परीक्षा के दौरान अनुचित आचरण, अनुचित साधन का उपयोग पाए जाने पर परीक्षार्थी का परिणाम निरस्त किया जा सकेगा। जो परीक्षा समिति द्वारा निर्णित किया जावेगा व वीक्षक द्वारा भी 5 अंक तक काटे जाने की टिप्पणी उत्तर पुस्तिका पर की जा सकेगी।
9. परीक्षा कक्ष में वीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
10. परीक्षा समाप्ति पर सभी को उत्तर पुस्तिका जमा होने तक कक्ष में बैठे रहना होगा। उत्तर पुस्तिका जमा होने के बाद ही कक्ष छोडा जा सकेगा। उत्तर पुस्तिका/प्रश्न पत्र का कक्ष से बाहर लाना अनुमत नहीं होगा।
11. प्रश्न पत्र मय उत्तर पुस्तिका सील बंद लिफाफे में प्रदान की जाऐगी। कटी फटी या पृष्ठ कम होने पर तुरन्त अवगत करवाऐ अन्यथा परीक्षार्थी का दायित्व होगा।
12. प्रश्न पत्र में 60 बहुविकल्पीय प्रश्न होगे। उनको हल करने के लिए 1 घंटे का समय दिया जावेगा। उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर नीले/काले बाल पेन से उत्तर दिया जावेगा।
13. उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर नाम/रोल नम्बर आदि लिखना अनिवार्य होगा।
14. परीक्षा समिति व परिषद की कार्यकारिणी द्वारा परीक्षा के संबंध में यथा आवश्यक निर्णय लिये जा सकेगें।